## <u>सेवा से संबंधित इतिवृत्त</u>

इस कार्यालय द्वारा मेघालय सरकार के सभी स्वयं आहरण अधिकारियों, मेघालय संवर्ग के अखिल भारतीय सेवा अधिकारियों/ उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के संबंध में, उनके सेवाओं से संबंधित इतिवृत्त को अनुरक्षित किया जाता है। यह सरकारी सेवकों के आधिकारिक/पदीय कार्यकाल से संबंधित, प्रभावित करने वाले सभी तथ्यों/बिन्दु जैसे वेतन, पदोन्नति, अवकाश, पेंशन आदि को अभिलेखित करने के लिए आवश्यक है।

**<u>यह अभिलेख निम्नलिखित सूचनाओं को अभिलेखित करता है जैसे:-</u>**

- अधिकारी तथा विभाग का पूरा नाम जिससे वे संबंधित हैं
- परिवीक्षा की अवधि पूर्ण होने की तिथि
- समय-समय पर धारित पदों का विवरण
- स्वत: आहरण अधिकारी द्वारा उत्तीर्ण विशेष परीक्षा
- पुनर्नियोजित पेंशनभोगियों के नाम एवं क्या वे अनुबंध पर या एक नियमित पद पर हैं
- सामान्य भविष्य निधि खाता संख्या
- स्वत: आहरण अधिकारी के पद पर नियुक्ति की तिथि
- जन्मतिथि